# Rajasthan 3rd Grade Teacher

## Previous Year Paper

### Hindi 2013

www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

# PAPER CODE : Level II – 2013

## पेपर कोड : द्वितीय स्तर – 2013

**Subject / विषय – Hindi / हिन्दी**

No. of pages in Question Booklet / प्रश्न-पुस्तिका में कुल पृष्ठ : 16

| | | |
|---|---|---|
| **Total questions / कुल प्रश्न : 140** | **Time period/ : 2.00 Hours समयावधि : 2.00 घंटे** | **Maximum Marks / पूर्णांक : 200** |

1. Roll No. रोल नं.

2. OMR Answer Sheet No (To be filled in by the candidate) / ओ.एम.आर. शीट क्रमांक (अभ्यर्थी द्वारा भरा जाये)

3. Candidate's Name/परीक्षार्थी का नाम***

4. Candidate's Signature/परीक्षार्थी के हस्ताक्षर***

www.freshersnow.com

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES / उम्मीदवारों के लिए अनुदेश

There are 140 objective multiple choice questions in the paper. This Question Booklet is made up of the following five sections : Section – I – 20 questions, II – 20 questions, III – 20 questions, IV – 20 questions & V – 60 questions. The candidate has to attempt each question in all sections. Each question of Sections I to IV will carry 1 mark each and all other questions from Section V will carry 2 marks each. In evaluating answers negative marking will be implemented. For each wrong answer one third mark of the question will be deducted. If there is any discrepancy between the English and Hindi version of the questions, the English version shall be final. The candidate must retain this question booklet.

इस प्रश्न-पत्र में कुल 140 प्रश्न वस्तुनिष्ठ बहुचयनात्मक प्रश्न हैं । प्रश्न-पत्र कुल पाँच खण्डों में विभाजित है तथा सभी खण्ड के सभी प्रश्न करने हैं । खण्ड – I – 20 प्रश्न, II – 20 प्रश्न, III – 20 प्रश्न, IV – 20 & V – 60 प्रश्न हैं तथा खण्ड I से IV, का प्रत्येक प्रश्न 1 अंक तथा खण्ड V का प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । उत्तरों के मूल्यांकन में ऋणात्मक अंकन लागू होगा । प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न का एक तिहाई अंक काटा जाएगा । यदि प्रश्नों के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण में कोई अन्तर पाया जाता है तो अंग्रेजी संस्करण को सही मान्य जाएगा । अभ्यर्थी इस प्रश्न-पुस्तिका को स्वयं के पास रखे ।

422

FRESHERS NOW

## SECTION/खण्ड – I

1. What is the name of Web Portal designed by Government in July 2011 to receive complaints of the common man and take action on it ?
(A) Saarthi (B) Sugam (C) Lokhit (D) Janmitra
आमजन की शिकायतें प्राप्त करने तथा उस पर कारवाई करने हेतु जुलाई 2011 में सरकार के द्वारा निर्मित वेब पोर्टल का नाम क्या है ?
(A) सारथी (B) सुगम (C) लोकहित (D) जनमित्र

2. Jaipur was established by Sawai Jai Singh in -
(A) 1707 AD (B) 1738 AD (C) 1727 AD (D) 1736 AD
सवाई जयसिंह ने जयपुर की स्थापना की थी
(A) 1707 ई. में (B) 1738 ई. में (C) 1727 ई. में (D) 1736 ई. में

3. Lactometer determines the purity of
(A) Water (B) Milk (C) Oil (D) Honey
लैक्टोमीटर से शुद्धता मापी जाती है–
(A) पानी की (B) दूध की (C) तेल की (D) शहद की

4. Which of the following famous person of Rajasthan did not get Ramon Magsaysay Award ?
(A) Aruna Roy (B) Rajendra Singh (C) Dr. P. K. Sethi (D) M. D. Korani
निम्न में से राजस्थान के किस प्रसिद्ध व्यक्ति को रमन मैग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला है ?
(A) अरुणा रॉय (B) राजेन्द्र सिंह (C) डॉ.पी.के. सेठी (D) एम.डी. कोरानी

5. Main centre of Dadu Sect in Rajasthan is -
(A) Galta (B) Pushkar (C) Kankroli (D) Naraina
राजस्थान में दादूपंथ का मुख्य स्थल है
(A) गलता (B) पुष्कर (C) कांकरोली (D) नरैना

6. Stones are commonly formed in which organ of the body ?
(A) Intestine (B) Teeth (C) Stomach (D) Kidney
पथरी ज्यादातर शरीर के किस अंग में पायी जाती है ?
(A) आँत (B) दाँत (C) आमाशय (D) किडनी

7. The port closest to Rajasthan is –
(A) Madras (B) Mumbai (C) Kandla (D) Paradip
राजस्थान के सबसे निकट बन्दरगाह है
(A) मद्रास (B) मुम्बई (C) कांडला (D) पारादीप

8. What is the minimum age limit for election as Panchayati Raj member in Rajasthan ?
(A) 18 years (B) 21 years (C) 25 years (D) 30 years
राजस्थान में पंचायती राज सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए न्यूनतम आयु सीमा क्या है ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 25 वर्ष (D) 30 वर्ष

9. When is 'Hindi Day' celebrated ?
(A) 5th September (B) 14th September (C) 5th December (D) 5th July
'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है ?
(A) 5 सितम्बर (B) 14 सितम्बर (C) 5 दिसम्बर (D) 5 जुलाई

10. The most famous temple of Pushkar is–
(A) Temple of Ganesh (B) Temple of Baiji
(C) Temple of Rama Baikunth (D) Temple of Brahma
पुष्कर में सबसे प्रसिद्ध मन्दिर है
(A) गणेशजी का मन्दिर (B) बाईजी का मन्दिर
(C) रमा बैकुण्ठ मन्दिर (D) ब्रह्माजी का मन्दिर



www.freshersnow.com

11. As per 2011 Census population density of State is-
(A) 210 person per $km^2$ (B) 215 person per $km^2$
(C) 201 person per $km^2$ (D) 226 person per $km^2$
2011 जनगणना के अनुसार राज्य का जनसंख्या घनत्व है
(A) 210 व्यक्ति प्रति किमी$^2$ (B) 215 व्यक्ति प्रति किमी$^2$
(C) 201 व्यक्ति प्रति किमी$^2$ (D) 226 व्यक्ति प्रति किमी$^2$

12. Bur, Sevan, Dhaman, Murat are–
(A) Trees (B) Bushes (C) Grasses (D) Domestic Goods
बर, सेवन, धामन, मूरात हैं
(A) वृक्ष (B) झाड़ी (C) घास (D) घरेलू सामग्री

13. How many divisions are there in Rajasthan ?
(A) 8 (B) 6 (C) 9 (D) 7
राजस्थान में सम्भागों की संख्या कितनी है ?
(A) 8 (B) 6 (C) 9 (D) 7

14. Which is the oldest mountain range ?
(A) Altai (B) Suleman (C) Aravali (D) Rajmahal
सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला कौन सी है ?
(A) अलताई (B) सूलेमान (C) अरावली (D) राजमहल

15. In Rajasthan Panchayati Raj is divided into how many tiers ?
(A) One Tier (B) Two Tiers (C) Three Tiers (D) Four Tiers
राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था कितने स्तर वाली है ?
(A) एकल स्तरीय (B) द्वि स्तरीय (C) त्रि स्तरीय (D) चतुर्थ स्तरीय

16. Where is the Badshah fair organized in Rajasthan ?
(A) Ajmer (B) Beawar (C) Jaipur (D) Kota
राजस्थान में बादशाह का मेला कहाँ भरता है ?
(A) अजमेर (B) ब्यावर (C) जयपुर (D) कोटा

17. Which of these was invented by Wright Brothers ?
(A) Air Craft (B) Ship (C) Rail (D) Bus
निम्न में से राईट ब्रदर्स ने किसका आविष्कार किया था ?
(A) विमान (B) जहाज (C) रेल (D) बस

18. In which district the National Monument Mangarh village is situated ?
(A) Pali (B) Jaisalmer (C) Karauli (D) Banswara
राष्ट्रीय स्मारक मानगढ़ गांव किस जिले में स्थित है ?
(A) पाली (B) जैसलमेर (C) करौली (D) बाँसवाड़ा

19. In which year the Co-operative Movement in Rajasthan began ?
(A) 1901 (B) 1902 (C) 1904 (D) 1905
राजस्थान में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत किस वर्ष में हुई ?
(A) 1901 (B) 1902 (C) 1904 (D) 1905

20. Desert Development Programme is working in how many districts of State ?
(A) 10 (B) 16 (C) 9 (D) 12
राज्य के कितनों जिलों में मरु विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है ?
(A) 10 (B) 16 (C) 9 (D) 12

FRESHERS NOW

## SECTION/खण्ड – II

21. Where is Turtai Mata temple situated ?
(A) Tilwada – Barmer (B) Talwada – Banswara (C) Nadol – Pali (D) Amer – Jaipur
तुरताई–माता का मंदिर कहाँ स्थित है ?
(A) तिलवाड़ा–बाडमेर (B) तलवाड़ा–बाँसवाड़ा (C) नाडोल–पाली (D) आमेर–जयपुर

22. The mobile temple of pictures on wood is –
(A) Subhaag Pada (B) Teak- Temple (C) Kaavad (D) Sarvan Patha
लकड़ी पर चित्रों वाला चल मंदिर है–
(A) सुभागपड़ा (B) सागवान–मन्दिर (C) कावड़ (D) सरवण पाठा

23. When did Maharana Kumbha build the Vijay Stambha ?
(A) After the treaty of Champaner (B) On the occasion of victory of Sarangpur
(C) After the battle of Gagron (D) After the Khatoli battle
महाराणा कुम्भा ने विजय स्तम्भ कब बनवाया ?
(A) चंपानेर की संधि के बाद (B) सारंगपुर के युद्ध के विजय के उपलक्ष में
(C) गागरोन के युद्ध के बाद (D) खातोली के युद्ध के बाद

24. Gir and Rathi are related to
(A) Breeds of Buffalo (B) Breeds of Cow (C) Breeds of Goat (D) Breeds of Camel
गिर व राठी सम्बन्धित हैं
(A) भैंस की नस्लों से (B) गाय की नस्लों से (C) बकरी की नस्लों से (D) ऊँट की नस्लों से

25. Which of the following districts is a part of Ghagghar River basin in Rajasthan ?
(A) Churu (B) Sikar (C) Hanumangarh (D) Jhunjhunu
राजस्थान में निम्न मे से कौनसा जिला घग्घर प्रवाह क्षेत्र का भाग है ?
(A) चुरु (B) सीकर (C) हनुमानगढ़ (D) झुंझुनूं

26. Which language pertains to south eastern part of Rajasthan ?
(A) Mewari (B) Hadoti (C) Wagdi (D) Marwadi
राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग में किस भाषा का प्रचलन है ?
(A) मेवाड़ी (B) हाड़ौती (C) वागड़ी (D) मारवाड़ी

27. Which tax (lag) was levied by Rao Krishna in 1903 upon the people of Uparmal ?
(A) Chanwri (B) Gavari (C) Khyat (D) Bhawri
1903 में राव कृष्ण ने उपरमाल की जनता पर कौनसी लाग (टैक्स) लगाई ?
(A) चंवरी (B) गवरी (C) ख्यात (D) भवरी

28. The civilization where burnt bricks were used for the construction of drains was-
(A) Kalibanga (B) Bairath (C) Bagore (D) Ahar
सभ्यता जहाँ नालियाँ बनाने में पक्की ईटों को काम लिया गया था, वह थी–
(A) कालीबंगा (B) बैराठ (C) बागोर (D) आहड़

29. In which district Jawahar Sagar dam has been built ?
(A) Chittorgarh (B) Pratapgarh (C) Kota (D) Jhalawar
जवाहर सागर बांध किस जिले में बनाया गया है ?
(A) चित्तौड़गढ़ (B) प्रतापगढ़ (C) कोटा (D) झालावाड़

30. Where is Ana Sagar situated ?
(A) Ajmer (B) Udaipur (C) Kota (D) Dugarpur
आनासागर कहाँ स्थित है ?
(A) अजमेर (B) उदयपुर (C) कोटा (D) डूंगरपुर

FRESHERS NOW

31. Which tree is worshipped on Dussehra ?
(A) Dhak (B) Peepal (C) Khejri (D) Ashok
दशहरे पर किस वृक्ष की पूजा होती है ?
(A) ढाक (B) पीपल (C) खेजड़ी (D) अशोक

32. Which God is worshipped in the 'Tera Taali' dance ?
(A) Gogaji (B) Harbooji (C) Shrinath ji (D) Ramdevji
तेराताली नृत्य किस देवता की उपासना में किया जाता है ?
(A) गोगाजी (B) हड़बूजी (C) श्रीनाथजी (D) रामदेवजी

33. The place where Ravan married Mandodari is –
(A) Osian (B) Merta (C) Malpura (D) Mandor
स्थान जहाँ रावण ने मंदोदरी से विवाह किया, वह है –
(A) ओसियाँ (B) मेड़ता (C) मालपुरा (D) मण्डोर

34. Who gave the pink colour to Jaipur ?
(A) Maharaja Ishwari Singh (B) Maharaja Madho Singh I
(C) Maharaja Sawai Ram Singh II (D) Maharaj Sawai Jai Singh
जयपुर को गुलाबी रंग किसने दिया ?
(A) महाराजा ईश्वरी सिंह ने (B) महाराजा माधोसिंह प्रथम ने
(C) महाराजा सवाई रामसिंह द्वितीय ने (D) महाराज सवाई जयसिंह

35. Who painted Ragmala ?
(A) Nisardin (B) Hisasuddin (C) Bahiruddin (D) Jalaluddin
रागमाला का चित्रकार कौन था ?
(A) निसारदीन (B) हिसासुद्दीन (C) बाहीरूद्दीन (D) जलालुद्दीन

36. Who murdered Maharana Kumbha in 1468 A.D. ?
(A) Lakha (B) Uda (C) Banveer (D) Vikramaditya
1468 ई. में महाराणा कुंभा की हत्या किसने की थी ?
(A) लाखा (B) उदा (C) बनवीर (D) विक्रमादित्य

37. Ruler of which state was exempted from attending the Mughal court by Jahangir ?
(A) Jodhpur (B) Mewar (C) Sirohi (D) Bikaner
जहांगीर ने किस राज्य के शासक को मुगल दरबार में उपस्थित होने में छूट दी ?
(A) जोधपुर (B) मेवाड़ (C) सिरोही (D) बीकानेर

38. Which district of Rajasthan among the following has the maximum population according to Census 2011 ?
(A) Alwar (B) Jodhpur (C) Bikaner (D) Ajmer
2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के निम्न में से किस जिले में सर्वाधिक जनसंख्या हैं ?
(A) अलवर (B) जोधपुर (C) बीकानेर (D) अजमेर

39. According to Census 2011 the district of Rajasthan having maximum sex ratio is-
(A) Banswara (B) Dungarpur (C) Rajsamand (D) Pratapgarh
2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला है–
(A) बाँसवाड़ा (B) डूंगरपुर (C) राजसमंद (D) प्रतापगढ़

40. In which district is Jawai Dam located ?
(A) Jalore (B) Jaipur (C) Pali (D) Ajmer
जवाई बाँध किस जिले में स्थित है ?
(A) जालौर (B) जयपुर (C) पाली (D) अजमेर



www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

## SECTION/खण्ड – III

41. Which of the following aim does not come under the social aims of education ?
(A) Development of social skills.
(B) Education for citizenship.
(C) Developing capabilities of adjustment in a group.
(D) Developing musical aptitude
निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य शिक्षा के सामाजिक उद्देश्यों के अन्तर्गत नहीं आता–
(A) सामाजिक कौशलों का विकास
(B) नागरिकता की शिक्षा
(C) समूह में समायोजन की क्षमता का विकास
(D) संगीत अभिक्षमता का विकास

42. Learning theory of purposive behaviourism was given by-
(A) Thorndike (B) Pavlov (C) Hull (D) Kohlar
अधिगम का उद्देश्यपूर्ण व्यवहारवाद सिद्धान्त दिया –
(A) थार्नडाइक ने (B) पावलोव ने (C) हल ने (D) कोहलर ने

43. What is the process in which subsequent learning inhibits retention of original learning ?
(A) External Inhibition
(B) Retroactive Inhibition
(C) Proactive Inhibition
(D) Internal Inhibition
बाद में सीखी गयी सामग्री यदि पूर्व में सीखी गयी सामग्री के धारण में अवरोध पैदा करे तो इस प्रक्रिया को कहेंगे–
(A) बाह्य अवरोध
(B) पश्चोन्मुखी अवरोध
(C) पूर्वोन्मुखी अवरोध
(D) आन्तरिक अवरोध

44. Which Indians are known for their creativity test ?
(A) Jalota and Bhatia
(B) Murray and Morgan
(C) Baker Mehndi and Passi
(D) Verma and Srivastava
सृजनात्मक परीक्षणों में किन भारतीयों का परीक्षण प्रसिद्ध है ?
(A) जलोटा और भाटिया
(B) मुरे और मॉर्गन
(C) बाकर मेहन्दी और पासी
(D) वर्मा और श्रीवास्तव

45. The father of Psycho-analytic theory is-
(A) Freud (B) Wundt (C) Skinner (D) Pavlov.
मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्त के जन्मदाता है–
(A) फ्रॉयड (B) वुण्ट (C) स्कीनर (D) पावलोव

46. "Operation Black Board" was the outcome of -
(A) Kothari Commission (B) NCF 2005 (C) NPE 1986 (D) NCF 2000
"ऑपरेशन ब्लेक बोर्ड" परिणाम था –
(A) कोठारी आयोग का (B) NCF 2005 का (C) NPE 1986 का (D) NCF 2000 का



www.freshersnow.com

47. 'You can lead a horse to water but can't make him drink'. This proverb is an example of-
(A) Intelligence to Learn (B) Awareness of Learning
(C) Impact of Learning (D) Interest in learning
आप घोड़े को पानी तक ले जा सकते है पर उसे पानी पीने को मजबूर नहीं कर सकते। यह कहावत एक उदाहरण है–
(A) सीखने की बुद्धि का (B) सीखने के प्रति सजगता का
(C) सीखने के प्रभाव का (D) सीखने में रूचि का

48. The personality of talkative, happy and social tendency person is termed by Jung as -
(A) Introvert (B) Extrovert (C) Neurotic (D) Stable
अत्यधिक वाचाल, प्रसन्नचित्त और सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति के व्यक्तित्व को युंग ने नाम दिया–
(A) अंतर्मुखी (B) बहिर्मुखी (C) स्नायुविकृत (D) स्थिर

49. Which of the following is a Group Non Verbal test of intelligence ?
(A) Army Beta test
(B) S.Jalota's Intelligence Test
(C) M.C. Joshi's Intelligence test
(D) Bhatia Battery Intelligence Test
निम्नलिखित में से कौनसा सामूहिक अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण है ?
(A) आर्मी बीटा टैस्ट (B) एस. जलोटा का बुद्धि परीक्षण
(C) एम. सी. जोशी का बुद्धि परीक्षण (D) भाटिया बैटरी बुद्धि परीक्षण

50. Who gave 'Social Learning Theory' ?
(A) Maslov (B) Bandura (C) Skinner (D) Freud
"सामाजिक अधिगम सिद्धान्त" किसने दिया ?
(A) मेसलो (B) बण्डुरा (C) स्कीनर (D) फ्रॉयड

51. Jean Piaget's theory of child development is based on-
(A) Psycho analytical development (B) Moral development
(C) Psycho social development (D) Cognitive development
बाल विकास का जीन पियाजे के सिद्धांत का आधार है–
(A) मनोविश्लेषण विकास (B) नैतिक विकास (C) मनोसामाजिक विकास (D) संज्ञानात्मक विकास

52. Type A personality has been proposed by-
(A) Jung (B) Edwards (C) Eysenck & Cattell (D) Friedman and Rosenman
व्यक्तित्व का 'प्रकार A' प्रस्तावित किया–
(A) युंग ने (B) एडवर्ड ने (C) आइजेंक तथा कैटल ने (D) फ्रिडमेन तथा रोसनमैन ने

53. What is the difference between Education and Schooling ?
(A) Education aims at all round development and schooling imparts only knowledge
(B) Education is informal and schooling is formal
(C) Education is a lifelong process and schooling is for a specific period in human life
(D) Education is for life and schooling is for getting jobs
शिक्षा और विद्यालय की पढ़ाई में क्या अन्तर है ?
(A) शिक्षा का लक्ष्य सर्वांगीण विकास होता है, जबकि विद्यालय की पढ़ाई केवल ज्ञान प्रदान करती है ।
(B) शिक्षा अनौपचारिक होती है और विद्यालय की पढ़ाई औपचारिक होती है ।
(C) शिक्षा जीवन पर्यन्त चलती है और विद्यालय की पढ़ाई जीवन में एक निश्चित अवधि के लिये होती है ।
(D) शिक्षा जीवन के लिये होती है और विद्यालय की पढ़ाई नौकरी पाने के लिये होती है ।

FRESHERS NOW

54. The idea of "learning by doing" was given by -
(A) John Dewey (B) Skinner (C) Meslov (D) Lewin
'करके सीखना' का विचार दिया–
(A) जान डीवी ने (B) स्कीनर ने (C) मेसलॉ ने (D) लेविन ने

55. Ram is 10 years old. His mental age is 12 years. His Intelligence Quotient would be-
(A) 110 (B) 90 (C) 80 (D) 120
राम 10 वर्ष का है, उसकी मानसिक आयु 12 वर्ष है, उसका बुद्धिलब्धांक होगा–
(A) 110 (B) 90 (C) 80 (D) 120

56. The Field theory of Psychology was given by-
(A) Kurt Lewin (B) C.T. Morgan (C) Leon Festinger (D) Henry Goddard
मनोविज्ञान का क्षेत्रवादी सिद्धान्त दिया –
(A) कर्ट लेविन ने (B) सी.टी. मॉर्गन ने (C) लियोन फेस्टिंगर ने (D) हेनरी गोडार्ड नें

57. Who started the scientific measurement of Intelligence ?
(A) Terman (B) Stanford (C) Binet (D) Guilford
बुद्धि का वैज्ञानिक मापन सर्वप्रथम किस ने प्रारम्भ किया ?
(A) टरमन (B) स्टैनफोर्ड (C) बिने (D) गिलफोर्ड

58. Which of the following is not an educational factor related to school, responsible for delinquency ?
(A) Unjustified punishment by teacher
(B) Favoritism in evaluation
(C) Bad company
(D) Truancy
बाल अपराध के लिए जिम्मेदार शैक्षिक कारणों में निम्नलिखित में से कौनसा कारण नहीं आता है ?
(A) अध्यापक द्वारा अनुचित दण्ड
(B) मूल्यांकन में पक्षपात
(C) खराब संगत
(D) विद्यालय से भाग जाना

59. A child who behaves against the social rules and regulations is called -
(A) Backward child (B) Dull child (C) Idiot child (D) Delinquent child
सामाजिक नियमों या कानूनों के विरूद्ध व्यवहार करने वाला बालक कहलाता है–
(A) पिछड़ा बालक (B) मंद बुद्धि बालक (C) जड़बुद्धि बालक (D) बाल अपराधी

60. Rosenweig test measures –
(A) Logical Thinking (B) Personality (C) Creativity (D) Frustration
रोजेनविग परीक्षण मापन करता है–
(A) तार्किक चिंतन का (B) व्यक्तित्व का (C) सृजनात्मकता का (D) कुण्ठा का



www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

## SECTION/खण्ड – IV

61. Which Piagetian test of reasoning ability is used at formal operational stage ?
(A) T-maze (B) Wooden Bat (C) Playing Card (D) Pendulum Task
पियाजे के कौन से तार्किक योग्यता परीक्षण का प्रयोग औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था में किया गया ?
(A) टी–भूलभुलैया (B) लकड़ी का बल्ला (C) ताश (D) पेंडुलम कार्य

62. 16 PF Questionnaire was developed by ________.
(A) Allport (B) Sheldon (C) Krestchmer (D) Cattell
16 पी. एफ. प्रश्नावली द्वारा बनाई गई।
(A) ऑलपोर्ट (B) शेल्डन (C) क्रेशचमर (D) कैटल

63. According to Horney concept of basic anxiety is developed in-
(A) Childhood (B) Adolescence (C) Adulthood (D) Old Age
हॉर्नी के अनुसार मौलिक दुश्चिन्ता के संप्रत्यय का विकास होता है
(A) बाल्यावस्था में (B) किशोरावस्था में (C) वयस्कावस्था में (D) वृद्धावस्था में

64. Special education includes-
(A) Physical environment of class room (B) Teaching procedures
(C) Teaching content (D) All of the above
विशिष्ट शिक्षा में शामिल है–
(A) कक्षा कक्ष का भौतिक वातावरण (B) अध्यापन विधियाँ
(C) अध्ययन सामग्री (D) उपर्युक्त सभी

65. Which formula is correct ?
(A) Maturation + Learning = Development (B) Maturation × Learning = Development
(C) Maturation + Development = Learning (D) Development + Learning = Maturation
कौन सा सूत्र सही है ?
(A) परिपक्वता + अधिगम = विकास (B) परिपक्वता × अधिगम = विकास
(C) परिपक्वता + विकास = अधिगम (D) विकास + अधिगम = परिपक्वता

66. Who has given Group Factor Theory of Intelligence ?
(A) Guilford (B) Thurstone (C) Spearman (D) Gardner
बुद्धि का समूह कारक सिद्धान्त किसने दिया ?
(A) गिल्फॉर्ड (B) थर्स्टन (C) स्पीयरमेन (D) गार्डनर

67. Who had given 'Trial and Error Learning' ?
(A) Thorndike (B) Pavlov (C) Guilford (D) Kohler
प्रयत्न व त्रुटि अधिगम किसने दिया ?
(A) थार्नडाईक (B) पॉवलाव (C) गिल्फॉर्ड (D) कॉहलर

68. Who had given hierarchy of human needs ?
(A) Thorndike (B) Maslow (C) Guilford (D) Koffka
मानव आवश्यकताओं का पदानुक्रम किसने दिया ?
(A) थार्नडाईक (B) मास्लो (C) गिल्फोर्ड (D) कॉफ्का

69. Classical Conditioning is related with
(A) Thorndike (B) Pavlov (C) Guilford (D) Kohler
प्राचीन अनुबन्धन सम्बन्धित है
(A) थार्नडाईक (B) पेवलाव (C) गिल्फोर्ड (D) कोहलर

70. Who has given Insight theory of learning ?
(A) Werthiemer (B) Kohler (C) Koffka (D) All of the above
अंतर्दृष्टि अधिगम सिद्धान्त किसने दिया ?
(A) वरदाईमर (B) कोहलर (C) कॉफ्का (D) उपर्युक्त सभी



www.freshersnow.com

71. Who has developed Non-Sense word first time ?
(A) Thorndike (B) Edward (C) Ebbinghaus (D) Eric
निरर्थक शब्द का निर्माण सर्वप्रथम किसने किया ?
(A) थार्नडाईक (B) एडवर्ड (C) एबिंगहास (D) एरिक

72. Source of intelligence is/are
(A) Heredity (B) Product of learning
(C) Interaction of self and environment (D) All of the above
बुद्धि का / के स्रोत हैं
(A) आनुवांशिक (B) अधिगम का परिणाम
(C) स्व तथा वातावरण की अर्न्तकिया (D) उपर्युक्त सभी

73. According to Allport, personality is-
(A) Unique adjustment (B) Dynamic organization
(C) Organized psycho-physical systems (D) All of the above
आलपोर्ट के अनुसार, व्यक्तित्व है –
(A) अपूर्व समायोजन (B) गत्यात्मक संगठन (C) संगठित मनो–दैहिक तंत्र (D) उपर्युक्त सभी

74. Who had developed Child Apperception test ?
(A) Murray (B) Bellack (C) Robert (D) Rosenwig
बाल अन्तर्बोध (एपरसेप्शन) परीक्षण का निर्माण किसने किया ?
(A) मर्रे (B) बेलक (C) रोबर्ट (D) रोज़नविग

75. 'Maturation is the completion of growth and development within the organism' defined by
(A) Thorndike (B) Sartain (C) Hull (D) Sherman
'जीव में विकास तथा वर्धन का पूरा होना परिपक्वता कहलाता है' परिभाषित किया–
(A) थार्नडाईक ने (B) सारटेन ने (C) हल ने (D) शेरमेन ने

76. Mentally Retarded child have IQ -
(A) Less than 70 (B) 70 to 90 (C) 90 to 100 (D) 120 to 150
मंद बुद्धि बालक का आई क्यू होता है
(A) 70 से कम (B) 70 से 90 (C) 90 से 100 (D) 120 से 150

77. Aggressive and retentive personality is developed at which stage ?
(A) Oral Stage (B) Anal Stage (C) Phallic Stage (D) Latency Stage
किस अवस्था में आकामक व धारणात्मक व्यक्तित्व विकसित होता है ?
(A) मुखावस्था (B) गुदावस्था (C) लैंगिक अवस्था (D) अव्यक्तावस्था

78. Formal Operational Period is
(A) Birth to 24 months (B) 2 to 7 years (C) 7 to 11years (D) 11 years on
औपचारिक संकियात्मक अवस्था है
(A) जन्म से 24 माह (B) 2 से 7 वर्ष (C) 7 से 11 वर्ष (D) 11 वर्ष से

79. Child Psychology is related with
(A) Developmental stages (B) Social interaction of child
(C) Maturation and hereditary effects (D) All of the above
बाल मनोविज्ञान संबन्धित है
(A) विकासात्मक अवस्था (B) बालक की सामाजिक अन्तर्क्रिया
(C) परिपक्वता एवं आनुवांशिक प्रभाव (D) उपर्युक्त सभी

80. Who has devised methods for training of perceptual and sensory-motor skills initially ?
(A) Montessori (B) Maria (C) Edouard (D) Binet
प्रत्यक्षात्मक व संवेगिक गतिक गामक दक्षता प्रशिक्षण हेतु प्रारम्भ में किसने विधि का निर्माण किया ?
(A) मोन्टेसरी (B) मारिया (C) इडोअर्ड (D) बिनेट

FRESHERS NOW

## SECTION/खण्ड – V

81. 'बच्चे दूध पी रहे हैं' वाक्य में कारक है–
(A) कर्ता, संप्रदान (B) कर्ता, कर्म (C) संबंध, करण (D) कर्ता, संबंध

82. इड़ा, गिरा, भारती और बागेश्वरी शब्द निम्न में से किसके पर्यायवाची शब्द हैं ?
(A) नर्मदा (B) यमुना (C) कावेरी (D) सरस्वती

83. 'अपना मीठ, अनकर तीत' का अर्थ है –
(A) खुद की बात अच्छी, दूसरे की खराब (B) न करने वाले काम अच्छे नहीं होते
(C) अपने लोग बुरे ही होते हैं (D) दूसरे लोग भी कभी–कभी अच्छे होते हैं

84. निम्न में से किस में व्यंजन संधि है ?
(A) यज्ञोदा (B) उन्नति (C) सदैव (D) महर्षि

85. निम्न में से सकर्मक क्रिया है –
(A) हंसना (B) आना (C) सोना (D) पीना

86. 'संसार' शब्द में संधि है
(A) व्यंजन (B) यण (C) विसर्ग (D) गुण

87. निम्न में से 'चन्दन' शब्द का पर्यायवाची है –
(A) कस्तूरी (B) मलय (C) पुष्पराज (D) कुरंग

88. 'पढ़ाई' शब्द में यह प्रत्यय है –
(A) ई (B) आई (C) ढाई (D) आइ

89. 'राजमहल' में समास है –
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

90. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?
(A) नाक (B) कर्ण (C) कण्ठ (D) कवि

91. निम्न में से व्यंजन संधि का उदाहरण है
(A) परिणय (B) परीक्षा (C) परिलाभ (D) परिताप

92. तद्भव शब्द 'साग' का तत्सम रूप है –
(A) सब्जी (B) भाजी (C) शाक (D) संग

93. निम्न में से विस्मयादिबोधक चिह्न है –
(A) – (B) ? (C) । (D) !

94. निम्न में से योगरूढ़ शब्द है –
(A) कमल (B) चौमासा (C) चौकोर (D) एकैक

95. निम्न में से किस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण है ?
(A) चाय में कम चीनी डालना । (B) तुम पीली कमीज में अच्छे लगते हो ।
(C) महेंद्र ने चार आम खरीदे । (D) दुष्ट आदमी से बच कर रहना ।

96. निम्न में से कौन सा शब्द उपसर्ग से बना हुआ नहीं है?
(A) विलग (B) अधिक (C) कपूत (D) अनबन



www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

97. निम्न में से कौन सा विकल्प तत्सम–तद्भव की दृष्टि से सही नहीं है ?
(A) शूकर–सूअर (B) पाषाण–पत्थर (C) दन्त–दाँत (D) नृत्य–नाच

98. 'आपकी यात्रा मंगलमय हो' यह वाक्य है –
(A) सन्देहवाचक (B) आज्ञावाचक (C) इच्छावाचक (D) विस्मयवाचक

99. निम्न में से किस शब्द में प्रत्यय है ?
(A) लाघव (B) धूर्त (C) नाव (D) कमर

100. निम्न में से 'क्रिया' से निर्मित विशेषण है
(A) पथरीला (B) नीचा (C) काबिल (D) हँसोड़

101. व्यंजन और व्यंजन के मेल का उदाहरण है–
(A) क्ष (B) क (C) फ (D) म

102. 'खून–पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) दौड़ लगाना (B) खून–पसीना मिलाना
(C) किसी का खून करना (D) कठिन परिश्रम करना

103. निम्न में से उर्दू उपसर्ग नहीं है –
(A) ला (B) गैर (C) अव (D) बद

104. निम्न में से रूढ़ शब्द है –
(A) काम (B) अत्यल्प (C) बेअसर (D) मीनाक्षी

105. "तुम यहीं बैठो।" इसमें 'यहीं' है –
(A) अव्यय (B) योजक (C) सर्वनाम (D) संज्ञा

106. 'परमेश्वर' में संधि है –
(A) विसर्ग (B) गुण (C) यण (D) व्यंजन

107. निम्न में से कौन सा विशेषण शब्द नहीं है ?
(A) रोगी (B) क्रोधी (C) पापी (D) प्यास

108. 'क' का उच्चारण स्थान कौन सा है?
(A) मूर्द्धा (B) कण्ठ (C) दन्त (D) तालु

109. निम्न में से 'अल्पप्राण' वर्ण हैं –
(A) फ, भ (B) थ, घ (C) अ, आ (D) ट, ड

110. निम्न में से किस शब्द में 'कम' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(A) कमजोर (B) कमउम्र (C) कमर (D) कमबख्त

www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

111. स्पर्श व्यंजन का उदाहरण है –
(A) य (B) व (C) ल (D) च

112. निम्न में से सरल वाक्य नहीं है –
(A) विद्यार्थी रसोई में जा रहे हैं । (B) बंदर पेड़ पर कूद रहे हैं ।
(C) उसके घर में पानी आ गया है । (D) भूख लगी है तो खाना खा लो ।

113. "अध्यापक ने कहा कि कल अवकाश है।" यह वाक्य है –
(A) सरल (B) उपवाक्य (C) संयुक्त (D) मिश्र

114. निम्न में से किस वर्ग में सभी शब्द तत्सम नहीं है ?
(A) वृश्चिक, सर्प (B) दंत, कर्म (C) शुष्क, हर्ष (D) लज्जा, सींग

115. 'अतिथि' शब्द में 'एय' प्रत्यय जोड़ने पर बनने वाला शब्द होगा –
(A) अतिथिय (B) आतिथेय (C) अतिथेय (D) आतथ्य

116. 'लेटना' क्रिया है –
(A) अकर्मक (B) सकर्मक (C) प्रेरणार्थक (D) द्विकर्मक

117. 'अब तो उससे बैठा भी नहीं जाता।" वाक्य है –
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य (C) इच्छाबोधक (D) भाववाच्य

118. 'लड़का' शब्द में प्रत्यय जोड़ने पर भाववाचक संज्ञा बनेगी –
(A) लड़कापन (B) लड़के (C) लड़कपन (D) लड़त्व

119. 'अपनी कब्र आप खोदना' इस मुहावरे का अभिप्राय है –
(A) अपनी मृत्यु की तैयारी करना (B) अपने विनाश का काम स्वयं करना
(C) परिश्रम से जी चुराना (D) संकट में पड़ना

120. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(A) अत्याधिक (B) अनाधिकृत (C) पारिक्षा (D) श्रीमती

121. 'सदानंद' का संधि विच्छेद है –
(A) सत् + आनंद (B) सद + आनंद (C) सदा + आनंद (D) सद् + नानंद

122. 'तन–बदन में आग लगना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) घबरा जाना (B) नाराज होना (C) क्रोधित होना (D) चकित रह होना

123. नौकरी प्राप्त करने के लिए दिया जाता है –
(A) आवेदन पत्र (B) कार्यालय आदेश (C) निविदा (D) कार्यालय ज्ञापन

124. हिन्दी में आगत व्यंजन है –
(A) च (B) ज़ (C) त (D) श्र

125. निम्न में से कौन सा शब्द उपसर्ग से बना हुआ नहीं है ?
(A) अज्ञान (B) बदनाम (C) ईमानदार (D) हेडमास्टर



www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

126. "मनीषा बहुत धीरे चलती है।" इस वाक्य में 'बहुत' शब्द है
(A) विशेषण (B) संज्ञा (C) प्रविशेषण (D) कारक

127. "पंडित मिठाई खाता है।" इस वाक्य में कारक है –
(A) कर्ता, कर्म (B) कर्म, करण (C) संप्रदान, कर्ता (D) कर्ता, अपादान

128. निम्न शब्दों में से कौन सा 'यमुना' का पर्यायवाची नहीं है ?
(A) शैलजा (B) कृष्णा (C) कालिन्दी (D) सूर्यजा

129. 'श्रावक' शब्द में संधि है –
(A) श्राव + अक (B) श्रौ + अक (C) श्रौ + आक (D) श्राव + आक

130. निम्न में से कौन सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है ?
(A) ताजमहल (B) हिमालय (C) पहाड़ (D) अशोक

131. 'सच्चिदानन्द' का संधि विच्छेद है –
(A) सच्चि + दानन्द (B) सच् + चिद + आनन्द
(C) सत् + चित् + आनन्द (D) सच् + चिदानन्द

132. निम्न में से अघोष वर्ण है –
(A) इ (B) ज (C) स (D) ह

133. निम्न में से तत्सम शब्द है –
(A) लौंग (B) बहिन (C) जवान (D) पृष्ठ

134. निम्न में कौन सा शब्द अन्य तीनों से भिन्न अर्थ रखता है ?
(A) अनिल (B) वह्नि (C) समीर (D) बयार

135. जिह्वा जब दन्त–पंक्ति से स्पर्श करती है तब निम्न में से किन वर्णों का उच्चारण होता है ?
(A) प, फ (B) च, छ (C) ट, ठ (D) द, ध

136. 'अन्वित' में उपसर्ग है –
(A) अन् (B) अनु (C) अन्व् (D) अन

137. निम्न में से शुद्ध शब्द है –
(A) अधिआत्मिक (B) आध्यात्मिक (C) आधियात्मिक (D) अध्यत्मिक

138. 'हम कल दिल्ली जाएँगे' वाक्य में उद्देश्य है –
(A) हम कल (B) दिल्ली जाएँगे (C) हम (D) कल दिल्ली

139. निम्न में से कौन सा गुणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है ?
(A) प्राचीन (B) नया (C) मध्यकालीन (D) तिगुना

140. 'तिमिर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
(A) अंधकार (B) तम (C) अंधेरा (D) निशान्त

www.freshersnow.com